प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :—**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकरनगर में एक हजार 231 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा— बिना भेदभाव के सभी वर्गों को मिल रहा है सरकार की योजनाओं का लाभ।
2. स्टॉफ नर्स आयुर्वेद और युनानी के पदों के लिए प्रारंभिक भर्ती परीक्षा आज लखनऊ के 24 केन्द्रां पर हुई सम्पन्न।
3. लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में कल शाम इमारत ढहने से हुई आठ लोगों की मौत : बिल्डिंग मालिक के खिलाफ पुलिस ने की एफआईआर दर्ज।
4. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार—2025 के लिए 15 सितम्बर तक किये जा सकेंगे नामांकन। और
5. अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर प्रदेश भर में आयोजित किये गये विविध कार्यक्रम।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अम्बेडकरनगर में एक हजार 231 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया इसके साथ ही उन्होंने युवक मंगल दल और महिला मंगल दल के सदस्यों को स्पोर्टस किट का वितरण भी किया। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्रो ने कहा कि विकास की प्रक्रिया से ही हमारा वर्तमान और भविष्य सुरक्षित होगा। उन्होंने प्रत्येक भारतीय नागरिक से विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने दायित्वों का निर्वाह करने का आग्रह किया। बाइट...

*विकास की प्रक्रिया से ही हमारा वर्तमान और भविष्य सुरक्षित रहने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में यही संकल्प पूरे भारतवासियों को दिलाया है। संकल्प यही दिलाया कि देश हम आज जब अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे किये हैं, तब मोदी जी ने यही बात कही थी कि हर भारतीय नागरिक का दायित्व बनता है हम 25 वर्ष की एक व्यापक कार्ययोजना को लेकर के आगे बढ़े। ये 25 वर्ष की कार्ययोजना वो होनी चाहिए हमारी जिस कार्ययोजना के अंतर्गत 2047 में जब ये देश अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा तब हमे एक ऐसा भारत चाहिए, एक ऐसा भारत हो जो विकसित भारत हो।*

मुख्यमंत्री ने बसपा–सपा और कांग्रेस पार्टी पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब सभी त्योहार बिना किसी विवाद के साम्प्रदायिक सौहार्द के माहौल में मनाये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अब बिना किसी भेदभाव के विकास की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। श्री योगी ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का वातावरण है और गांव–गांव तक विकास परियोजनाएं पहुंच रही हैं।

————————

स्टॉफ नर्स आयुर्वेद और यूनानी के पदों की प्रारंभिक भर्ती परीक्षा 2023 आज लखनऊ क 24 केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक चली और द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर साढ़े तीन बजे से शाम साढ़े पांच बजे खत्म हुई। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस परीक्षा के लिए कुल 11 हजार 496 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया था।

————————

लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में कल शाम गिरी तीन मंजिला इमारत के ढहने से उसके मलबे में दबकर मरने वालों की संख्या आठ हो गई है। वहीं इस हादसे में घायल हुए 28 लोगों का अलग–अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। अभी बचाव अभियान जारी है। इस बीच प्रदेश सरकार ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति को घटना के कारणों की जांच कर यथाशीघ्र शासन को

रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिये गये है। वहीं बिल्डिंग के मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लोकबंधु अस्पताल पहुंच कर यहां भर्ती घायलां से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से भी बात की और घायलों का बेहतर इलाज करने के निर्देश दिये। इस दौरान सरोजनी नगर विधायक राजश्वर सिंह भी मौजूद रहे।

सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में कल शाम एक तीन मंजिला इमारत ढह गई थी। पुलिस के अनुसार यह इमारत चार साल पहले बनाई गई थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इमारत के ढहने से मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के निकट परिजन को दो–दो लाख रूपये देने की घोषणा की है। घायलों को 50–50 हजार रूपये दिए जाएंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

—————————

हज यात्रा–2025 के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि सोमवार 9 सितंबर है। हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोग हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर जाकर या

मोबाइल एप ‘हज सुविधा’ के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैधता 15 जनवरी 2026 तक होना अनिवार्य है। राज्य हज कमेटी ने लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित हज हाउस में आवेदकों की मदद के लिए एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया है।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन इस महीने की 15 तारीख तक किए जा सकेंगे। महिला और बाल विकास मंत्रालय प्रत्येक वर्ष जनवरी में इस पुरस्कार का आयोजन करता है। विजेताओं की घोषणा इस वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर की जाएगी। इस पुरस्कार का उद्देश्य बच्चों की ऊर्जस्विता, संकल्प, क्षमता और उत्साह को सम्मानित करना है। पुरस्कार के लिए 5 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे पात्र हैं।

नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।

———————

आज अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस है। इसका आयोजन प्रत्येक व्यक्ति, समुदाय और समाज के लिए साक्षरता के महत्व की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है। इस वर्ष का विषय है–बहुभाषी शिक्षा संवर्धन : आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता।

नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम है। श्री धनखड ने कहा कि यह युवाओं को अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का पूरा उपयोग करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भाषाओं की समृद्धि के मामले में भारत एक अनूठा देश है। श्री धनखड़ ने सभी से कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसी को साक्षर बनाना मानवता की सेवा है। अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर प्रदेश भर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। विद्यालयों में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जहां वक्ताओं ने मौजूदा दौर में साक्षरता के विभिन्न आयामों पर विचार–विमर्श किया। अमरोहा में इस मौके पर माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा

संगोष्ठी आयोजित की गई और साक्षरता के महत्व को दर्शाती चित्र प्रदर्शनी लगाई गई।

———————

हरदोई में ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने पर जोर दिया जा रहा है। जिले में 19 हजार से अधिक समूहों का गठन किया जा चुका है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के प्रयासों से स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट....

*जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा उपायुक्त ग्रामीण आजीविका मिशन व अन्य सम्बंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि समूहों द्वारा की जाने वाली रोजगार परक आर्थिक क्रियाकलापों का सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार.प्रसार किया जाये ताकि आमजन इन समूहोंसे सीधे जुड़ सके तथा समूहों को आर्थिक लाभ हो व आमजन को अच्छी गुणवत्ता का सामान प्राप्त हो सके। उन्होंने इसके लिए एक सोशल मीडिया एकाउन्ट बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इन महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित उत्पादोंकी विभिन्न त्योहारों, पर्यटन स्थलों व प्रदर्शनियों में बिक्री की व्यवस्था की जाये। समूहों की दीदियों को रोस्टर के अनुसार उत्पाद बिक्री के लिये स्थान उपलब्ध कराया जाये ताकि समूहों की उत्पाद बिक्री में वृद्धि हो और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आय बढ़े। आय में वृद्धि से उन्हें लखपति दीदी बनाने में सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बैंको के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करसमूहों की पूरी सहायता की जाये। खाता खुलवाने से लेकर ऋण दिलाने तक पूरा सहयोग किया जाये। आकाश शुक्ला आकाशवाणी समाचार हरदोई।*

———————

ललितपुर में चेकडैम में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई, इनमें दो बच्चियां भी शामिल हैं। उनके शव चेकडैम से बाहर निकाल लिये गये हैं। जिले के कोतवाली तालबेहट के अंतर्गत बिगारी के मजरा नागदा में यह सभी बच्चे झांसी से रिश्तेदारी में आये हुए थे।

उधर मुजफ्फरनगर से राजस्थान के बागड़ जा रही निजी मिनी बस मेरठ–बागपत–सोनीपत हाईवे पर पिलाना भट्टे के पास हाइट गेज बैरियर से टकरा गई, इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई जबकि 14 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण की वजह से हाईव पर बैरियर और पोल लगाये गए हैं, जिससे टकराने के कारण यह दुर्घटना हुई।

———————